पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शिक्षक दिवस पर मेगा रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया

————

रक्तदान महान कार्य है, रक्तदान में संकोच न करें

————

उच्च शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाये

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————

लखनऊः 5 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में मेगा रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने शिविर में रक्तदान के लिए लगाए गए बेड्स का निरिक्षण किया और रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्त दाताओं से भेंट की।

इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, इसलिए रक्तदान में संकोच न करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी की रक्त की कमी से मृत्यु न हो इसलिए लोगो के रक्तदान के प्रति जागरूक करना और ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्वैच्छिक संगठनों को बड़ी संख्या में आगे आकर जागरूकता लाने और रक्तदान शिविरों में लोगों की प्रतिभाागिता बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्यपाल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ी आबादी वाला प्रदेश है, ऐसे में ब्लड बैंक की आवश्यकता के दृष्टिगत उच्च शिक्षण संस्थानों के 18 वर्ष से ऊपर के विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। राज्यपाल जी ने रक्तदान के साथ—साथ मृत्योपरांत अंगदान और शरीरदान को भी सामाजिक तौर पर सहज स्वीकार्य बनाने और जनहित में इसे बढ़ावा देने को कहा।

समारोह में के.जी.एम.यू. ब्लड बैंक की प्रभारी डा0 तूलिका चंद्रा ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, न ही कोई नुकसान होता है। डर, संकोच और झिझक के कारण ही अधिकांश लोग रक्तदान करने से बचते हैं। लेकिन ये सब भ्रामक हैं। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति एक बार रक्तदान करने के तीन माह उपरान्त पुनः रक्तदान कर सकता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी लखनऊ, अभिषेक प्रकाश ने रक्तदान शिविर के शुभारम्भ के लिए राज्यपाल जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज शिक्षक दिवस है और राज्यपाल महोदया भी पूर्व में शिक्षक रही हैं, इसलिए उनकी प्रेरणा से ही इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने राज्यपाल जी द्वारा दिए गए सुझावों को शीघ्र अमल में लाने और रक्तदान शिविर के आयोजन को बढ़ावा देने के लिए कहा।

समारोह में राज्यपाल जी ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रेरित कर रक्तदान कराने एवं अधिक से अधिक रक्तदान करने वाले वालटियर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को शुभ कार्य में सहायोग देने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर लखनऊ के जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, के.जी.एम.यू. ब्लड बैंक प्रभारी डा0 तूलिका चंद्रा, आई.जी. एस.एस.बी. रत्न संजय, रेडक्रॉस के अध्यक्ष ओ.पी. पाठक, एन.एस.एस. के विशेष कार्याधिकारी अंशुमालि शर्मा एवं ए.डी.एम. ट्रांस गोमती के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस रक्तदान शिविर में 300 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान हेतु पंजीकरण कराकर रक्तदान में प्रतिभागिता की गई।

———————

(राजभवन 31/09)

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 सितम्बर 2021 के अवसर पर
मेगा रक्तदान शिविर
श्रीमती आनंदीबेन पटेल माननीय राज्यपाल उ.प्र. की प्रेरणा से